हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 10 अंक : 294 देहरादून, मंगलवार, 24 मई, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



बुनियादी सुविधाओं से लैस होंगे सूबे के प्राथमिक विद्यालय : डॉ0 धन सिंह रावत 3

# लैंड फ्रॉड को लेकर कमिश्नर सुशील कुमार हुए सख्त

## नहीं बख्शे जायेंगे धोखेबाज़

मो.सलीम सैफी
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। कमिश्नर गढ़वाल मण्डल सुशील कुमार की अध्यक्षता में कमिश्नर गढ़वाल मण्डल कैम्प कार्यालय ईसी रोड़ में “लैंण्ड फ्रॉड समन्वय समिति” की बैठक आहूत की गई। बैठक में डीआईजी गढ़वाल के.एस नग्याल उपस्थित रहे। गढवाल आयुक्त सुशील कुमार ने चन्द्रबदनी एवं हरबंजवाला क्षेत्र में सरकारी एवं वन भूमि पर अवैध प्लाटिंग की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन एवं वन विभाग को संयुक्त टीम बनाकर तत्काल कार्यवाही करते हुए भूमि को कब्जामुक्त करने के निर्देश दिए।



कमिश्नर गढ़वाल मण्डल सुशील कुमार ने जनपदों के तहसीलवार भूमि संबंधित मामलों को विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा को शीघ्र हटवाने एवं बेदखली की कार्यवाही करने तथा उक्त भूमि पर घेरवाड़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अधिनियम 2015 एवं नियमावली 2017 के बिन्दुओं को मध्यनजर रखते हुए कार्यवाही करने को कहा। साथ ही आपसी लेन-देन एवं धोखागड़ी वाले भूमि के मामलों को पुलिस को स्थानातरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम की भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करते हुए अतिक्रमण मुक्त की गई भूमि पर घेरवाड़/चारदिवारी करवाने के निर्देश नगर निगम को दिए। साथ ही मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम को नगर निगम की भूमि पर अतिक्रमण को धवस्त करते हुए एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय भूमि खुर्द-बुर्द करने की जांच करें तथा जिन कार्मिकों की इसमें संलिप्ता पाए जाए उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही करें।





उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग द्वारा भूमि खुर्द-बुर्द के जिन प्रकरणों पर राजस्व विभाग द्वारा लंबे समय से जांच लंबित है ऐसे प्रकरणों को विजिलेंस को हस्तान्तरण किए जाए।

उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारियों को सरकारी भूमि पर कब्जे हटाने के लिए पुलिस की सहायता लेने तथा जिन क्षेत्रों में वन विभाग की भूमि पर अतिक्रमण संबंधी शिकायतें है पर वन विभाग के अधिकारियों को भी मौका मुआवना के दौरान साथ लेते हुए बेदखली की कार्यवाही की जाए। उन्होंने सरकारी भूमि कब्जा करवाने में यदि किसी कार्मिकों की भूमिका सामने आती है तो उनके विरूद्ध भी सख्त कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए।

बैठक में, अपर आयुक्त गढ़वाल मण्डल नरेन्द्र सिंह क्वीरियाल, सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के. मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, विकासनगर विनोद कुमार, डोईवाला युक्ता मिश्रा, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रेनू लोहानी, सहित गढ़वाल मण्डल के अन्य संबंधित जनपदों एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## उत्तराखंड राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी, 31 मई तक कर सकेंगे नामांकन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। प्रदेश में राज्यसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो गई है। मंगलवार से 31 मई तक चुनाव के लिए नामांकन किया जा सकेगा। राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा का कार्यकाल चार जुलाई को पूरा होने के चलते प्रदेश में एक राज्यसभा सीट खाली हो रही है। इस सीट पर मतदान के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी सौजन्या ने अधिसूचना जारी कर दी है।

इसके तहत 31 मई तक नामांकन हो सकेंगे। एक जून को नामांकनों की जांच होगी। तीन जून को नाम वापसी होगी। इसके बाद 10 जून को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा और इसी दिन शाम पांच बजे से मतगणना होगी। 13 जून तक मतदान की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को अपने आपराधिक पूर्ववृत्ति (अगर कोई हो) की सूचना इलेक्ट्रॉनिक या प्रिंट मीडिया में तीन बार प्रकाशित करनी होगी। इसके लिए दिन निर्धारित हैं।




## ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी, वेटिंग लिस्ट का आंकड़ा भी 200 के पार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। चारधाम यात्रा और पर्यटन सीजन के चलते महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु आदि राज्यों से आने-जाने वाले तीर्थयात्रियों के साथ ही पर्यटकों के लिए भी ट्रेनों में सीटों का संकट खड़ा हो गया है। देहरादून से संचालित ट्रेनों में एक भी सीट खाली नहीं है। कई ट्रेनों में तो आरक्षण प्रतीक्षा सूची का आंकड़ा 200 पार हो चुका है।

ट्रेनों में सीट न होने से यात्रियों को दिक्कतें आ रही हैं। उधर, कई सामाजिक संगठनों ने रेलवे बोर्ड और उत्तर रेलवे से तीर्थयात्रियों की भीड़ को देखते हुए देहरादून, हरिद्वार और ऋषिकेश से अतिरिक्त ट्रेन संचालित करने की मांग की है। साथ ही इन स्टेशनों से रवाना होने वाली ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाने की भी मांग उठाई है।

रेल अफसरों के मुताबिक, देहरादून-हावड़ा उपासना एक्सप्रेस के स्लीपर में जहां प्रतीक्षा सूची 100 के पार है, वहीं



प्रथम श्रेणी वातानुकूलित, तृतीय श्रेणी वातानुकूलित कोच में प्रतीक्षा सूची 45 है। यही स्थिति देहरादून-इंदौर एक्सप्रेस में भी है। स्लीपर में प्रतीक्षा सूची 70 और तृतीय श्रेणी वातानुकूलित कोच की प्रतीक्षा सूची 68 के आसपास है। देहरादून-कोटा नंदा देवी एक्सप्रेस, देहरादून-दिल्ली मसूरी एक्सप्रेस, देहरादून-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस में सीटों को लेकर मारामारी है।

# अटल सेना महिला उत्थान के प्रयासरत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। भारतीय अटल सेना राष्ट्रवादी, उत्तराखंड इकाई की महिला मोर्चा एक्जीक्यूटिव सदस्यों की एक मीटिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती रमा गोयल जी के नेतृत्व में हुई। इसमें आगामी कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। देहरादून से कुछ स्थित बस्तियों में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने पर भी विचार किया गया। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों एवम् सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देने के लिए जून महीने में एक कार्यक्रम की योजना बनाई गई इस सदस्य की बेटी का जन्मदिन भी मनाया गया। इस मीटिंग में रमा गोयल, अंतेजा बिस्ट, बिमला गौड़, परवीन शर्मा, मंजू गुप्ता, अमिता गोयल, राखी गुप्ता एवम् उनकी बेटियां उपस्थित रहीं










# ऊधमसिंह नगर में जमीन को लेकर फायरिंग, फरार आरोपित पति-पत्नी की तलाश में पुलिस



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

रुद्रपुर। जमीन को लेकर चल रही पंचायत में हुए विवाद के बाद ताबड़तोड़ चार राउंड फायरिंग कर दी गई। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। शोर होने लोग एकत्र हुए तो आरोपित पति पत्नी स्कूटी से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली और उनकी धरपकड़ को कीरतपुर समेत अन्य संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस के मुताबिक जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

ग्राम कीरतपुर के सांई कालोनी निवासी जोगेंद्र बहेरा ने बताया कि उसने कुछ माह पहले बिचौलिए गोविंद के माध्यम से गांव की ही महिला नीतू से 80 गज का प्लाट खरीदा था। प्लाट के पांच लाख रुपये देने के बाद रजिस्ट्री उनके नाम हो गई थी। बावजूद इसके वह प्लाट पर कब्जा नहीं दे रहे थे। प्लाट के मसले को लेकर सोमवार को बिचौलिया गोविंद ने दानपुर स्थित अपने मोबाइल के दुकान पर दोनों पक्ष को बुलाया था।

दुकान में वार्ता के दौरान जब उन्होंने नीतू से प्लाट पर कब्जा और रजिस्ट्री के कागज देने को कहा तो उसका पति भड़क गया। उसने जोगेंद्र बहेरा का कॉलर पकड़ लिया और उसे घसीटते हुए दुकान के बाहर तक ले आया। आरोप है कि इस दौरान उसकी पिटाई करते हुए, उसने दो पिस्टल निकाली और चार राउंड हवाई फायरिंग कर दी। ताबड़तोड़ हुई फायरिंग से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। शोर शराबा होने पर लोग बाहर आए तो आरोपित पति पत्नी स्कूटी से फरार हो गए।

दानपुर में फायरिंग की सूचना पर सीओ सिटी अभय सिंह, कोतवाल विक्रम राठौर, एसएसआइ सतीश चंद्र कापड़ी, एसआइ मुकेश कांडपाल पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही फरार पति पत्नी की धरपकड़ को पुलिस ने कीरतपुर के साथ ही कई अन्य संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी।

# काशीपुर में गैर इरादतन हत्या के दोषी को पांच साल के सजा

न्यूज वायरस नेटवर्क



काशीपुर। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने गैर इरादतन हत्या के दोषी को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

अभियोजन के अनुसार कुंडा थाना क्षेत्र निवासी मंगल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 दिसंबर 2016 को बंटी पुत्र मंगल सिंह ग्राम गंगापुर निवासी अब्बास पुत्र गफ्फार के यहां काम करने गया था। अचानक सूचना मिली कि उनका लड़का बंटी सरकारी अस्पताल में है।

अस्पताल पहुंचने पर अब्बास गायब हो गया और बंटी की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना कुंडा में अब्बास के खिलाफ धारा 304 के तहत केस दर्ज किया। मामले में विवेचना के बाद सामने आया कि बंटी अब्बास के निर्माणाधीन मकान में काम करने गया था। जहां बिजली चोरी के आशय से बिजली के तार में कट लगाया गया था। जिससे बंटी को करंट लग गया और उसकी मृत्यु हो गई।

अब्बास के खिलाफ धारा 304 में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। अभियोजन की ओर से 10 गवाह न्यायालय में पेश किये गये। न्यायालय ने एडीजीसी फौजदारी और अभियुक्त के अधिवक्ता की बहस सुनी। साथ ही गवाहों के बयानों और पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का परिशीलन किया।

न्यायालय ने अभियुक्त अब्बास को धारा 304 के तहत दोषसिद्ध करते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास तथा एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा नही करने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

# अवैध चाकू के साथ अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार

काशीपुर : आइटीआइ व कुंडा थाना पुलिस ने अलग अलग स्थानों से अवैध चाकूओं के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों युवकों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आइटीआइ थाने में तैनात कांस्टेबल हरीश कुमार व प्रकाश सिंह ने चीता मोबाइल डियूटी रात्रि गश्त दौरान जसपुर खुर्द रुद्राक्ष गार्डन के पास लगने वाली साप्ताहिक बाजार से एक संदिग्ध व्यक्ति भागता हुआ दिखाई दिया। जिसको रुद्राक्ष गार्डन से बांसियोंवाला मंदिर जाने वाले रोड पर रोककर उन्होंने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अशरफ उर्फ बब्बू पुत्र असलम निवासी मोहल्ला किला काशीपुर बताया। उधर, कुंडा थाने में तैनात कांस्टेबल त्रिलोक सिंह व नीरज बिष्ट ने शांति व्यवस्था को लेकर रात्रि गश्त के दौरान सब्जी मंडी के पिछले गेट के सामने एक संदिग्ध व्यक्ति बैठा दिखाई दिया। शक के आधार पर उसकी जामा तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ है। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम दलविंदर सिंह उर्फ बाली पुत्र मोहन सिंह निवासी ग्राम लक्ष्मीपुर कुंडेश्वरी बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर चालान किया है।

# बुनियादी सुविधाओं से लैस होंगे सूबे के प्राथमिक विद्यालय : डॉ0 धन सिंह रावत





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

सूबे में बुनियादी शिक्षा के ढांचे को और बेहत्तर बनाने के लिए प्राथमिक एवं पूर्व प्राथमिक विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ किया जायेगा। एनईपी के अंतर्गत आंगनबाडी कार्यी र्कत्रियों को विशेष प्रशिक्षण दे कर आंगनबाडियों में बालवाटिका नाम से कक्षाएं प्रारम्भ की जायेंगी। बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने हेतु मध्यान भोजन योजना को चरणबद्ध रूप से पूर्व प्राथमिक कक्षाओं तक लागू किया जायेगा।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने सचिवालय स्थित सभागार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें उन्होंने सूबे के प्राथमिक एवं पूर्व प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा-कक्ष, फर्नीचर, पेयजल, शौचालय, बिजली, खेल सामग्री एवं मैदान आदि बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत राज्य के आंगनबाडी केन्द्रों का सुदृढ़िकरण करते हुये आंगनबाडी कार्यकर्त्रियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा। आंगनबाड़ियों में बाल वाटिका नाम से कक्षाएं प्रारम्भ की जायेंगी। बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने की दृष्टि से मध्यान्ह भोजन योजना को चरणबद्ध रूप से पूर्व प्राथमिक कक्षाओं तक लागू किया जायेगा। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने बताया कि बाल वाटिका कक्षाओं के लिए शिक्षक हस्त पुस्तिका तैयार कर दी गई है जबकि बच्चों के लिए बाल वाटिका अभ्यास पुस्तिका तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों के परिसर में स्थित आंगनवाडियों के लिए एक्टिविटी लर्निंग मटेरियल उपलब्ध कराने की प्रक्रिया चल रही है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम द्वारा वर्ष में दो बार आंगनबाड़ी केन्द्रों में पंजीकृत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर फस्ट एड दिया जाता है। आंगनबाड़ी केन्द्रों का प्राथमिक विद्यालयों के साथ लैंडिंग की प्रक्रिया गतिमान है। इसके अलावा पूर्व प्राथमिक कक्षाओं को प्राथमिक विद्यालयों के साथ संचालित किये जाने हेतु वर्तमान आधारभूत ढांचे का सुदृढ़करण किया जा रहा है। जिसके तहत 4457 को-लोकेटेड आंगनबाडी केन्द्रों में बालवाटिका प्रारम्भ करने की तैयारी चल रही है।

# बचके रहना अवैध खनन वालो डीएम की टीम जोरदार है







**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून,23 मई, मुख्यमंत्री उत्तराखंड सरकार पुष्कर सिंह धामी द्वारा अवैध खनन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध खनन, भण्डारण एवं अवैध परिवहन की सूचनाओं पर नियमित छापेमारी करते हुए कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारी के निर्देशों क्रम तहसील सदर क्षेत्रान्तर्गत उप जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में आशारोडी पर टीम द्वारा देर रात्रि 12 बजे चैकिंग अभियान चलाया इस दौरान 1 वाहन को सीज किया है, पकड़े गए वाहन खनन सामग्री निर्धारित रूप के विपरीत परिवहन करते पाए जाने पर वाहन को सामग्री सहित सीज करते हुए निर्धारित सामग्री का दुगुना तथा अर्थदण्ड की कार्यवाही गतिमान है।

जिलाधिकारी डॉ आर राजेश कुमार ने सभी उप जिलाधिकारियों को अवैध खनन पर त्वरित कार्यवाही करने तथा छापेमारी अभियान को नियिमत चलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही अन्य मार्ग जिनसे अवैध खनन के

# चंपावत उपचुनाव : पूर्व सीएम हरीश रावत ने थामी चुनाव प्रचार की कमान



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

चंपावत विधानसभा सीट के लिए 31 मई को होने वाले उपचुनाव से पहले कांग्रेस ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। प्रदेश स्तरीय नेताओं के साथ केंद्रीय नेताओं का भी कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। सोमवार से पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी चंपावत पहुंचकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

चंपावत उप चुनाव में कांग्रेस प्रचार में कहीं भी सत्तारूढ़ दल से पीछे नहीं दिखना चाहती है। जैसा कि कुछ लोगों की ओर से प्रचार किया जा रहा था कि कांग्रेस ने भाजपा को वॉकओवर दे दिया। पार्टी ने इस तथ्य को कुप्रचार बताते हुए पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने का दम दिखाया है। यही वजह है कि पार्टी प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा समेत पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, जसपुर के विधायक आदेश चौहान सहित तमाम नेता चंपावत में डेरा डाले हुए हैं।

वहीं, एआईसीसी की ओर से प्रभारी देवेंद्र यादव का चुनाव प्रचार का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है। प्रभारी यादव 24 से 27 मई तक चंपावत में ही रहकर पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनाव प्रचार करने के साथ रणनीतिक भूमिका निभाएंगे। संगठन महामंत्री विजय सारस्वत ने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए पूर्व सीएम कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट जैसे दिग्गज नेता भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। हालांकि अभी इन नेताओं का कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। शीघ्र केंद्रीय नेताओं का कार्यक्रम जारी किया जाएगा।

# उत्तराखंड में बदला मौसम, चारधाम में ऊंची चोटियों पर हुई बर्फबारी; बर्फ देखकर श्रद्धालु हुए रोमांचित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

गढ़वाल। सोमवार को भी मौसम का मिजाज ठंडा रहा। चारधाम में ऊंची चोटियों पर बर्फबारी के कारण ठंड बढ़ गई। साथ ही हेमकुंड साहिब की चोटियां भी बर्फ से सफेद हो गई। वहीं बर्फ से ढकी चोटियां देखकर यात्रा पर पहुंचे श्रद्धालु रोमांचित हो गए।

रविवार देर रात उत्तरकाशी जनपद में मौसम ने करवट बदली। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम की ऊंची पहाड़ियों पर जमकर हिमपात हुआ, जिससे धामों में भी ठंड बढ़ गई। सोमवार सुबह यमुनोत्री की यात्रा पर पहुंचे यात्रियों को ठंड का सामना करना पड़ा।

रविवार रात उत्तरकाशी जिला मुख्यालय सहित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में हल्की वर्षा हुई। यमुनोत्री धाम में तापमान में गिरावट आने के कारण हल्की बर्फबारी भी हुई। जबकि, आसपास की ऊंची पहाड़ियां बर्फ की सफेद चादर से ढक गई।

सोमवार सुबह भी जिला मुख्यालय में हल्की वर्षा हुई। वहीं दिनभर गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में बादल छाए रहे। सोमवार को उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा बदरीनाथ और केदारनाथ की ऊंची पहाड़ियों पर भी बर्फबारी के चलते मौसम ठंडा हो गया।




मंडल मुख्यालय पौड़ी तथा इससे सटे क्षेत्रों में सोमवार को मौसम का मिजाज दिनभर बदलता रहा। सुबह से ही झमाझम बारिश से कुछ समय के लिए आम जनजीवन खासा प्रभावित रहा। हालांकि दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली तो आसमान से बदल छटने लगे। इसके अलावा खिर्सू, कल्जीखाल, घंडियाल, पाबौ आदि क्षेत्रों में भी सुबह के वक्त झमाझम बारिश हुई।



केदारनाथ हाईवे पर गंगतल महादेव मंदिर के पास स्थित वर्षों पुराना वटवृक्ष जड़ से उखड़ने से मंदिर के पुजारी के चार परिवारों के रसोई एवं शौचालय ध्वस्त हो गए। वहीं आवासीय भवन और पौराणिक गंगतल महादेव मंदिर को भी खतरा पैदा हो गया है।

घटना की सूचना मिलते ही राजस्व उपनिरीक्षक ने घटनास्थल पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया। गंगतल महादेव मंदिर के पुजारी सुभाष गोस्वामी, जगदंबा गोस्वामी, त्रिलोचन गोस्वामी और चंपा देवी के रसोईघर एवं शौचालय क्षतिग्रस्त हो गए। जबकि, बिजली तथा पानी की आपूर्ति भी ठप हो गई। रुद्रप्रयाग विधायक भरत चौधरी ने भी प्रभावित परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। राजस्व उपनिरीक्षक को नुकसान का आंकलन कर शीघ्र ही रिपोर्ट उपजिलाधिकारी तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

# केदारनाथ और यमुनोत्री में हृदयाघात से छह यात्रियों की हुई मौत, अब तक हो चुकी 69 श्रद्धालुओं की मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

यमुनोत्री। चारधाम में हृदयाघात से मरने वालों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। सोमवार को यमुनोत्री में तीन, केदारनाथ धाम में दो और बदरीनाथ धाम में एक व्यक्ति हृदयाघात से मौत हुई। इसी के साथ चारों धाम में यह संख्या 69 पहुंच गई है।

जानकारी के अनुसार, यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए मध्य प्रदेश के तराना (उज्जैन) निवासी गोकुल प्रसाद (70 वर्ष) की मौत जानकीचट्टी में हुई। जबकि, हरिद्वार निवासी सर्वेश शर्मा (50) ने सीएचसी बड़कोट में दम तोड़ा। वाहन चालक सर्वेश एक यात्री दल को चारधाम यात्रा पर लेकर आए थे। दोनों की मौत का कारण हृदयाघात बताया गया।

यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग पर सोमवार की शाम को एक तीर्थयात्री की मौत हृदय गति रुकने से हुई है। तीर्थयात्री यमुनोत्री धाम के दर्शन कर का वापस लौट रहा था। भैरव मंदिर के निकट यात्री के सीने में तेज दर्द हुआ और वह बेहोश हो गया।

स्वजन जब तक उसे चिकित्सकों के पास ले जाते तब तक उसने दम तोड़ दिया। यात्री की पहचान दिलीप (63 वर्ष) पुत्र किशन चंद सेठ निवासी बी-12 अल्का दादा भाई रोड बिले पारले मुंबई महाराष्ट्र के रूप में हुई है।

केदारनाथ में दो व्यक्तियों ने हृदयाघात से दम तोड़ा। इनमें अकोला (महाराष्ट्र) निवासी बावन राव सखाराम साउले (70 वर्ष) के अलावा एक अन्य व्यक्ति शामिल है। उसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

इसके अलावा परिवार के साथ बदरीनाथ दर्शनों को आए कोलकाता निवासी आशीष दास गुप्ता को भी सीने में तेज दर्द की शिकायत पर चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

बदरीनाथ धाम में दर्शनों के दौरान नन्हे श्रद्धालु की तबीयत खराब होने से वह अचानक बेहोश हो गया, जिसे पीआरडी जवान की ओर से तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जगन्नाथ पुरी, उड़ीसा से अपने माता-पिता के साथ बदरीनाथ धाम में दर्शनों के लिए आए 10 वर्षीय अनिमेष बदरीनाथ मंदिर परिसर में अचानक तबीयत बिगड़ने से बेहोश होकर गिर गया। वहीं पास में ड्यूटी पर तैनात पीआरडी जवान बलवंत राणा ने तत्काल बच्चे को गोद में उठाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां



चिकित्सक ने बच्चे का उपचार कर उसे होश में लाया गया। सामान्य होने पर उससे माता-पिता के बारे में पूछा गया तो उसने बताया कि मंदिर दर्शन के दौरान उसका हाथ अपने माता-पिता से छूट गया था। पुलिस ने बच्चे के माता-पिता को खोजकर उन्हें बच्चे के पास पहुंचाया। बच्चे के माता-पिता ने पीआरडी जवान एवं चमोली पुलिस को धन्यवाद दिया।

# पंजाब किंग्स ने हैदराबाद को 5 विकेट से रौंदा



मुंबई (एजेंसी)। लियाम लिविंगस्टोन (22 गेंद पर 49 रन नाबाद) की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी और हरप्रीत बरार (3/26) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत खेले गए वानखेड़े स्टेडियम में यहां पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हरा दिया। हैदराबाद ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 157 रन बनाए। शानदार प्रदर्शन के लिए हरप्रीत बरार को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। 158 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की तरफ से जॉनी बेयरस्टो और शिखर धवन ने पारी की शुरूआत की। वहीं, भुवनेश्वर कुमार ने टीम का पहला ओवर फेंका। बेयरस्टो ने इस ओवर में तीन चौके लगाकर 12 रन बटोरे।

बेयरस्टो को 20 रन के स्कोर पर पहला जीवनदान मिला। वाशिंगटन सुंदर के पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर बेयरस्टो ने शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद हवा में गई और उमरान मलिक ने वहां आसान कैच छोड़ दिया। हालांकि, बेयरस्टो 15 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गेंदबाज फजलहक फारुकी ने अपने पहले ओवर की आखिरी गेंद पर क्लीन बोल्ड किया। उनके बाद शाहरुख खान क्रीज पर आए। सातवें ओवर में पंजाब किंग्स को दूसरा झटका लगा। शाहरुख 10 गेंदों पर 19 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें उमरान मलिक ने वॉशिंगटन सुंदर के हाथों कैच कराया। उनके बाद मयंक अग्रवाल क्रीज पर आए और शिखर धवन के साथ पारी को आगे बढ़ाया।

आठवें ओवर में पंजाब किंग्स को तीसरा झटका लगा। वॉशिंगटन सुंदर ने कप्तान मयंक अग्रवाल को जगदीश सुचित के हाथों कैच कराया। उनके बाद लियाम लिविंगस्टोन क्रीज पर आए और छक्के के साथ अपना खाता खोला। आठ ओवर के बाद पंजाब का स्कोर तीन विकेट पर 77 रन था। उमरान मलिक अपने दूसरे ओवर में महंगे साबित हुए। हालांकि शुरुआत की चार गेंदों पर उन्होंने सिर्फ तीन रन दिए थे लेकिन आखिरी की दो गेंदों पर लिविंगस्टोन ने लगातार दो छक्के जड़ दिए।

शिखर धवन भी 32 गेंदों में 39 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें फजलहक फारुकी ने अपने आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर बोल्ड किया। उनके बाद जितेश शर्मा क्रीज पर आए और लिविंगस्टोन के साथ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 19 रन बनाए और वापस पवेलियन लौट गए। उन्हें जगदीश सुचित ने प्रियम गर्ग के हाथों कैच कराया। उनके बाद मंडक क्रीज पर आए।

15वें ओवर में लिविंगस्टोन ने 23 रन झटके। उन्होंने ओवर में दो छक्के और दो चौके जड़े। साथ ही एक गेंद पर 2 रन बनाए। हालांकि, वो अपना अर्धशतक लगाने से 1 रन से चूक गए क्योंकि मंडक ने चौके के साथ मैच को समाप्त किया। इस दौरान दोनों बल्लेबाज नाबाद रहे। पंजाब ने आखिरी मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हरा दिया।

# प्लेऑफ में पहुंचने वाली 4 टीमों की सुपरहिट प्लेइंग इलेवन, ये खिलाड़ी होगा कप्तान

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल का 15वां सीजन अब समापन की ओर है। फाइनल समेत आईपीएल 2022 के कुल चार मैच बाकी हैं, जिनमें दो क्वालीफायर और एक एलिमिनेटर मैच शामिल है। आईपीएल के इस सीजन में गुजरात टाइटन्स, राजस्थान रॉयल्स, लखनऊ सुपर जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया है। इन्हीं चार टीमों में से हमने प्लेऑफ्स की सुपरहिट प्लेइंग इलेवन चुनी है, जिसे आप नीचे देख सकते हैं। आईपीएल 2022 के प्लेऑफ्स में पहुंचने वाली चार टीमों में से जो सुपरहिट प्लेइंग इलेवन चुनी गई है, उसमें ओपनर के तौर पर जोस बटलर और क्विंटन डिकॉक को चुना गया है। इन दोनों ही ओपनरों ने शानदार प्रदर्शन अपनी-अपनी टीम के लिए किया है। वहीं, नंबर तीन पर केएल राहुल हैं, जो खेले ओपनिंग पर हैं, लेकिन स्ट्राइकरेट उनका धीमा रहा है। ऐसे में वे नंबर तीन के बल्लेबाज के रूप में चुने गए हैं। इस टीम के विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक हैं।



नंबर चार पर हार्दिक पांड्या को जगह दी गई है, जो इस टीम के कप्तान भी हैं। उन्होंने 13 में से 9 मुकाबलों में टीम को जीत दिलाई। नंबर पांच पर दीपक हुड्डा का नाम है, जो इस सीजन में लखनऊ की टीम के लिए अच्छी लय में नजर आए और 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। वहीं, मैच फिनिशर के रूप में दिनेश कार्तिक को जगह दी गई है, जिन्होंने आरसीबी के लिए इस सीजन में 200 के करीब के स्ट्राइकरेट से रन बनाने में सफलता हासिल की है। इस टीम में गेंदबाजों के रूप में राशिद खान, वानिंदु हसरंगा, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी और हर्षल पटेल को शामिल किया गया है।

# भारतीय टीम में शामिल होने की भावना बेहद अद्भुत : अर्शदीप



मुंबई (एजेंसी)। पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए भारत की टी20 टीम में चुने जाने का एहसास बेहद अद्भुत होता है। देश के लिए खेलना हर क्रिकेटर का सपना होता है। 23 वर्षीय अर्शदीप ने आईपीएल 2022 सीजन को 14 मैचों में 10 विकेट लिए। उनका इकॉनमी रेट 7.70 है। टी-20 सीजन 9 जून से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है।

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा है कि मैं वास्तव में खुश हूं कि मुझे भारतीय टीम में चुना गया है। मुझे इसके बारे में सनराइज हैदराबाद के खिलाफ मैच से ठीक पहले पता चला। दरअसल, मुझे इसके बारे में टीम बस में पता चला। हां, यह काफी रोमांचक एहसास है। जब मैच चल रहा था, तो मुझे उतना महसूस नहीं हुआ, लेकिन जब मैं सुबह उठूंगा तो मुझे एहसास होगा कि यह एक बहुत ही खास पल है।

उन्होंने कहा कि जब कोई भी खेल खेलना शुरू करता है, वह देश का प्रतिनिधित्व करना चाहता है और मैं इसके लिए काफी भाग्यशाली और आभारी महसूस करता हूं। मैं भविष्य में अपनी क्षमता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि मुझे अपनी यॉर्कर पर वास्तव में कड़ी मेहनत करनी पड़ी, क्योंकि आईपीएल या घरेलू क्रिकेट जैसे मैचों में इसके बिना टिक पाना बहुत मुश्किल होता है।

गेंदबाज ने कहा कि अपने आप को जाल में फंसने से बचाने के लिए यॉर्कर फेंकना ही एकमात्र रास्ता था। उन्होंने कहा, जब मैं घरेलू क्रिकेट में पंजाब के लिए खेलता हूं तो वहां भी अच्छे खिलाड़ी होते हैं और अगर आपको अच्छा प्रदर्शन करना है तो आपको यॉर्कर फेंकनी होगी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने दिया जापान के प्रमुख कारोबारियों को निवेश का न्योता

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जापान के तीन प्रमुख कारोबारियों से मुलाकात की और उन्हें भारत में निवेश करने का न्योता दिया। प्रधानमंत्री जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के आमंत्रण पर जापान की दो दिवसीय यात्रा पर सोमवार को वहां की राजधानी तोक्यो पहुंचे हैं। मंगलवार को वह क्वोड के शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। जापान पहुंचने के तत्काल बाद नरेंद्र मोदी ने एनईसी कॉरपोरेशन के अध्यक्ष नोबुहीरो एंदो से मुलाकात की। उन्होंने भारत के दूरसंचार क्षेत्र में एनईसी की भूमिका की तारीफ की। उन्होंने खासकर एनईसी की चेन्नई-अंडामान निकोबार द्वीप और कोच्चि-लक्षद्वीप ओएफसी परियोजनाओं का जिक्र किया। मोदी ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के तहत निवेश के अवसरों के बारे में नोबुहीरो एंदो को बताया। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक मोदी और नोबुहीरो एंदो ने औद्योगिक विकास, कराधान, और श्रम सहित विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार सरलीकरण के दिशा में किये जा रहे सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में भारत में उपलब्ध अवसर पर भी चर्चा की। एंदो ने प्रधानमंत्री से स्मार्ट सिटीज, उभरती प्रौद्योगिकियों और भारत में जापानी भाषा सीखने पर प्रोत्साहन देने पर भी चर्चा की। मोदी ने सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन के वरिष्ठ सलाहकार ओसामु सुजुकी से भी



मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए विद्युत वाहनों और बैटरी के साथ-साथ रिसाइक्लिंग केंद्रों के लिए उत्पादन सुविधायें स्थापित करने सहित भारत में निवेश के और अवसरों के बारे में भी विचार-विमर्श किया। उन्होंने जापान-भारत विनिर्माण संस्थान और जापान एंडोड कोर्सेज के माध्यम से कौशल विकास सहित भारत में स्थानीय नवाचार प्रणाली के निर्माण की रणनीतियों के बारे में चर्चा की। भारत के वाहन उद्योग में सुजुकी के योगदान की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात की भी सराहना की कि सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड और मारुति सुजुकी इंडिया ऑटोमोबाइल तथा वाहन कलपुर्जे क्षेत्र में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाा के तहत स्वीकृत आवेदकों में शामिल थे। प्रधानमंत्री ने जापान के कैजुअल वीयर डिजाइनर और रिटेलर यूनिकलो के अध्यक्ष एवं सीईओ तादाशी यानाई तथा सॉफ्टबैंक ग्रुप के संस्थापक मासायोशी सन के साथ भी बैठक की। नरेंद्र मोदी ने यानाई ने भारत में निवेश की इच्छा जताई। प्रधानमंत्री ने यानाई को पीएम मैत्री योजना में हिस्सा लेने के लिए कहा। सॉफ्टबैंक ग्रुप के संस्थापक के साथ प्रधानमंत्री ने स्टार्टअप, शोध में अवसर, प्रौद्योगिकी आदि के मुद्दों पर चर्चा की।

# 20 प्रतिशत तक लुढ़क गए स्टील कंपनियों के शेयर

नई दिल्ली। स्टील कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेज गिरावट आई है। टाटा स्टील, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया, गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 20 फीसदी तक लुढ़क गए हैं। सरकार की तरफ से आयरन ओर और पेलेट्स जैसे स्टील बनाने वाले कुछ जरूरी रॉ मैटीरियल्स पर एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाने और पीसीआई, मेट कोल और कोकिंग कोल जैसे कुछ रॉ मैटीरियल्स पर इंपोर्ट ड्यूटी घटाने का सीधा असर स्टील कंपनियों के शेयरों पर पड़ा है। टाटा स्टील के शेयर फिलहाल बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 11.81 फीसदी की गिरावट के साथ 1031.95 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों ने सोमवार को 52 हफ्ते का नया लो लेवल बनाया और शेयरों ने 1,003.15 रुपये के स्तर को छुआ। पीसीआई स्टील के शेयर 12.82 फीसदी की गिरावट के साथ 550.10 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं। कंपनी के शेयरों ने भी 52 हफ्ते के लो लेवल 548.20 रुपये को छुआ। सरकार ने शनिवार को सभी ग्रेड्स के आयरन ओर पर एक्सपोर्ट ड्यूटी को बढ़ाकर 50 फीसदी कर दिया है, पहले यह 30 फीसदी थी।

# हाल के 10 सालों में चीन के विदेश व्यापार का गुणवत्तापूर्ण विकास हुआ

बीजिंग (एजेंसी)। चीनी कस्टम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2013 में चीन विश्व का सबसे बड़ा वस्तु व्यापार देश बना और वर्ष 2020 में वस्तु और सेवा व्यापार का कुल मूल्य फिर विश्व के पहले स्थान पर आया। इधर के दस सालों में चीनी मुद्रा रनमिनबी के हिसाब से चीन के वैदेशिक वस्तु व्यापार की कुल रकम वर्ष 2012 के 244 खरब युआन से वर्ष 2021 के 391 खरब युआन तक पहुंची। अमेरिकी डॉलर के हिसाब से सेवा व्यापार वर्ष 2021 में 8 खरब अमेरिकी डॉलर को पार कर गया, जो वर्ष 2012 से 70 प्रतिशत बढ़ा। दस साल में देश में विदेश व्यापार में लगे उद्यमों की संख्या 1.7 प्रतिशत से अधिक बढ़ी और विदेश व्यापार के साझेदारों का विस्तार होता रहा। यूरोपीय संघ, अमेरिका, जापान व दक्षिण कोरिया जैसे परंपरागत व्यापार साथियों के साथ बेहतर आवाजाही बनाए रखने के साथ चीन ने सक्रियता से आसियान, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के नवोदित बाजारों का विस्तार किया। उल्लेखनीय बात है कि बेल्ट एंड रोड पर स्थित देशों के साथ चीन के व्यापार का अनुपात देश का 29.7 प्रतिशत हो गया है।

# मोदी सरकार ने सब्सिडी के सियासी छल को ईमानदारी के बल से खत्म किया : नकवी



नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि हज सब्सिडी के खात्मे के बावजूद हज यात्रियों पर आर्थिक बोझ ना पड़ना इस बात का प्रमाण है कि दशकों से हज सब्सिडी के बल पर सियासी छल चल रहा था।

नकवी ने यहां हज 2022 के लिए हज कोर्डिनेटर, हज असिस्टेंट आदि के दो दिवसीय ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्घाटन करने के दौरान कहा कि मोदी सरकार ने सब्सिडी के सियासी छल को ईमानदारी के बल से खत्म किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में संपूर्ण हज प्रक्रिया में किये गए महत्वपूर्ण सुधारों से जहां एक तरफ हज प्रक्रिया पारदर्शी हुई है वहीं दूसरी ओर दो वर्षों के बाद हज पर जा रहे हज यात्रियों पर गैर-जरूरी आर्थिक बोझ ना पड़े इसकी व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण हज प्रक्रिया के शत प्रतिशत डिजिटल/ऑनलाइन होने से भारतीय मुसलमानों के इज़ ऑफ डूइंग हज का सपना साकार हुआ है। डिजिटल/ऑनलाइन हज, डिजिटल इंडिया के सर्वश्रेष्ठ उदाहरणों में से एक है। श्री नकवी ने कहा कि लोगों की सेहत, सुरक्षा, सलामती को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण सुधारों के साथ हज 2022 हो रहा है। हज 2022 की संपूर्ण प्रक्रिया भारत सरकार और सऊदी अरब की सरकार द्वारा तय किये गए पात्रता, आयु, स्वास्थ्य मानदंडों एवं अन्य जरुरी कोरोना दिशानिर्देशों के अनुसार की गई है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने हज व्यवस्था में कई बड़े सुधार किये हैं, जिसमें दशकों से चली आ रही हज सब्सिडी के सियासी छल को खत्म करना, महिलाओं के मेहरम (पुरुष रिश्तेदार) के साथ ही हज यात्रा करने की बाध्यता को खत्म करना (जिसके चलते तीन हजार से ज्यादा मुस्लिम महिलाएं बिना मेहरम हज यात्रा कर चुकी हैं और हज 2022 पर भी लगभग 2,000 महिलाएं बिना मेहरम के जा रही हैं। संपूर्ण हज प्रक्रिया को शत-प्रतिशत डिजिटल-ऑनलाइन करना जिसमें सभी हज यात्रियों को डिजिटल हेल्थ कार्ड, ई-मसीहा स्वास्थ्य सुविधा, मक्का-मदीना में ठहरने की बिल्डिंग/ट्रांसपोर्टेशन की जानकारी भारत में ही देने वाली ई-लगेज टैगिंग की सुविधा आदि डिजिटल सुविधाएं शामिल हैं।

श्री नकवी ने कहा कि भारत से 79 हजार 237 मुसलमान हज 2022 पर जायेंगें। इनमें लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। इनमें 56 हजार 601 हज यात्री, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया और 22 हजार 636 हज यात्री, हज ग्रुप ऑर्गनाइजर्स (एचजीओ) के माध्यम से हज 2022 के लिए जायेंगें। एचजीओ की भी संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी एवं ऑनलाइन कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि हज 2022 के लिए हज कमेटी ऑफ़ इंडिया के माध्यम से हज यात्री 10 इम्बार्केशन पॉइंट्स से जायेंगें- अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोच्चि, दिल्ली, गौहाटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और श्रीनगर। श्री नकवी ने कहा कि भारत से हज की विमान 31 मई से शुरू हो रही है। पहले चरण में 31 मई से बेंगलुरु, कोच्ची, दिल्ली, गुवाहाटी, लखनऊ और श्रीनगर से फ्लाइट्स जाना शुरू होंगी। दूसरे चरण में 17 जून से अहमदाबाद, हैदराबाद, कोलकाता और मुंबई से हज यात्री रवाना होंगें।

हज 2022 पर जाने वाले हज यात्रियों की सहायता के लिए 357 हज कोर्डिनेटर, असिस्टेंट हज अफसर, हज असिस्टेंट, डॉक्टर, पैरा-मेडिक्स आदि की सऊदी अरब में नियुक्ति की गई है। इनमें चार हज कोर्डिनेटर, 33 असिस्टेंट हज ऑफिसर, 143 हज असिस्टेंट, 73 डॉक्टर, 104 पैरा-मेडिक्स शामिल हैं।

# सिलीगुड़ी से जम्मू-कश्मीर जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, 8 मजदूरों की मौके पर मौत



पूर्णिया (एजेंसी)। बिहार के पूर्णिया जिले में आज यहां सोमवार को बड़ा हादसा हो गया है। क्षेत्र के दार्जिया बाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग 57 के समीप लोहे की पाइप लदे ट्रक के पलटने से आठ मजदूरों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। वहीं 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं जिनमें दो मजदूर की स्थिति गंभीर रहने पर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। मृतकों में ईश्वर लाल, वसु लाल, काबा राम, कांति लाला, हरीश, मनी लाला, दुष्मंत, एक अज्ञात शामिल हैं। सभी राजस्थान के उदयपुर खेरवाड़ा के बताए जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि ट्रक सिलीगुड़ी से जम्मू-कश्मीर जा रहा था। पूर्णिया के जलालगढ़ में यह अनियंत्रित हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य शुरू कर दिया है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना स्थल से शवों को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। वहीं घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि हादसा किस वजह से हुआ।अधिकारियों ने बताया कि ट्रक पर बोरिंग का सामान लदा हुआ था। इसमें लोहे के पाइप थे। अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया, जिससे मजदूर इन पाइपों के नीचे दब गए और उनकी मौत हो गई।

वहीं स्थानीय लोगों के मुताबिक, ट्रक की रफ्तार बेहद तेज थी। अंदाजा लगाया जा रहा है कि सुबह-सुबह ट्रक ड्राइवर को नींद आ गई होगी, जिससे वह ट्रक पर अपना संतुलन खो बैठा और हादसे का शिकार हो गया। मौके की तस्वीरें बहुत दर्दनाक हैं। बताया जा रहा है कि सभी मजदूर राजस्थान के उदयपुर के खेरवाड़ा के रहने वाले थे।

# भारत में नया रैंसमवेयर, गरीबों को कपड़े दिलाने, बच्चों को पिज्जा खिलाने पर वापस करता है डेटा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में एक ऐसे नए रैंसमवेयर का पता चला है जो उसके शिकार बने लोगों से गरीबों के लिए नए कपड़ों, बच्चों के लिए महंगे पिज्जा और अत्यंत आवश्यक चिकित्सा सुविधा की बाट जोह रहे लोगों को वित्तीय मदद के रूप में दान देने की गुजारिश करता है।

डिजिटल जोखिम को आंकने वाली कंपनी क्लाउडसेक ने बताया कि 'गुडविल रैंसमवेयर' की चपेट में आने के बाद कंपनी के डेटा को अस्थायी नुकसान के साथ स्थायी नुकसान भी हो सकता है और कंपनी के परिचालन पर भी इसका असर पड़ सकता है, परिचालन बंद होने से राजस्व घाटा भी उठाना पड़ सकता है।

क्लाउडसेक ने एक रिपोर्ट में कहा, 'गुडविल रैंसमवेयर की पहचान क्लाउडसेक के अनुसंधानकर्ताओं ने मार्च 2022 में की थी। खतरा पैदा करने वाले इस समूह के नाम से ही पता चलता है कि इसके संचालनकर्ता कथित तौर पर सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने के लिए इस रैंसमवेयर का इस्तेमाल करना चाहते हैं।'

रिपोर्ट के मुताबिक, गुडविल रैंसमवेयर दस्तावेज, फोटो, वीडियो, डेटाबेस और महत्वपूर्ण फाइलों तक पहुंच को रोक देता है। अपने डेटा को वापस पाने के लिए पीड़ित तीन सामाजिक गतिविधियां करते हैं जैसे कि बेघरों को नए कपड़े दिलवाना और इसे रिकॉर्ड करके सोशल मीडिया पर डालना, वंचित वर्ग के पांच बच्चों को डॉमिनोज, पिज्जा हट या केएफसी ले जाना और इस गतिविधि की भी तस्वीर, वीडियो आदि सोशल मीडिया पर डालना और जरूरतमंदों को नजदीक के अस्पतालों में वित्तीय मदद देना और इनका ऑडियो रिकॉर्ड करना।'

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्धू को जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया एलर्जी पर जताई थी चिंता

पटियाला (एजेंसी)। करीब तीन दशक पुराने रोड रेज मामले में सजा काट रहे कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू को स्वास्थ्य की चिंता सता रही है। उन्हें सोमवार को पटियाला स्थित राजेंद्र अस्पताल जांच के लिए लाया गया है। खबर है कि गेंहू से एलर्जी को लेकर चिंताएं जाहिर की थी। कहा जा रहा है कि सिद्धू की डाइट के संबंध में जल्दी फैसला लिया जाएगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता को 1 साल जेल की सजा सुनाई थी। ट्रिब्यून की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष को जेल कैंटीन से केवल उबली हुई सब्जियां दी जा रही हैं। सिद्धू को 1988 के रोड रेज मामले में पटियाला सेंट्रल जेल में रखा गया है। एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक कांग्रेस की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष सिद्धू कारागार में कैदी संख्या 1,37,683 है। सिद्धू को सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है, इसलिए उन्हें कारागार में काम भी करना होगा।

### भारत में नीचे की ओर जा रहा कोरोना का ग्राफ, लगातार दूसरे सप्ताह मामलों में गिरावट

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में कोरोना के मामलों में लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट देखी गई है। दरअसल इससे पहले देश में कोविड-19 मामले दिल्ली-एनसीआर में संक्रमण में तेजी के कारण चार सप्ताह तक लगातार बढ़े थे। हालांकि अब यह ट्रेंड नीचे की ओर आता दिख रहा है। सोमवार को भारत में पिछले 24 घंटों में 2,022 नए मामले सामने आए। 2,099 ठीक हुए और 46 लोगों की मौत हुई। कुल सक्रिय मामले 14,832 हैं। दैनिक संक्रमण दर 0.69त्न है। पिछले हफ्तों की तरह, रविवार को समाप्त सप्ताह में केवल 17 नए लोगों की मौत के साथ, वायरस से होने वाली मौतें बेहद कम रहीं। कुछ राज्यों के आंकड़े अभी आने बाकी हैं। इससे पहले के सात दिनों में 34 मौतें हुई थीं, और उससे पहले के सप्ताह में 20 लोगों की मौत हुई थी। हरियाणा ने पिछले सप्ताह के 2,593 मामलों से 35 प्रतिशत की कमी दर्ज की, जो वर्तमान में 1,674 हो गया है। यूपी के आंकड़े 31त्न गिरकर 1,351 से 930 हो गए हैं। हालांकि, केरल और महाराष्ट्र में साप्ताहिक मामले बढ़े, जबकि कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान, तेलंगाना और एमपी में कमोबेश यही स्थिति रही।

### दो मोटरसाइकल की टक्कर में दो की मौत, पति-पत्नी घायल

बैतूल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र के बैतूल-परासिया स्टेट हाइवे के चोरपाढरा गांव के पास दो बाइक की टक्कर में एक मासूम समेत दो लोगों की मौत हो गई और पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी नन्हेवीर सिंह ने आज बताया कि कल रात चोरपांढरा गांव के पास दो मोटरसाइकलों की भिड़ंत में एक साल की सोनिया उइके निवासी डुल्हारा और आशीष नर्रे (25) निवासी बिछुवा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गणपत उइके (30) और उसकी पत्नी आशा उइके (27) निवासी डुल्हारा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए घोड़ाडोंगरी सरकारी अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए दंपत्ति को बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने आज घोड़ाडोंगरी में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौप दिए।

### गहलोत ने पशु चिकित्सा संस्थानों में मरम्मत के लिए अतिरिक्त बजट प्रावधान को दी स्वीकृति

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के तीन हजार पशु चिकित्सा संस्थानों में मरम्मत एवं उन्नयन के कार्य के लिए पन्द्रह करोड़ रूपए के अतिरिक्त बजट प्रावधान एवं अलवर जिले के भिवाड़ी, चूरू के तारानगर और बीकानेर के नोखा में नवसृजित अपर जिला न्यायाधीश न्यायालयों में नवीन पद सृजित किए जाने और कार्यालय व्यय राशि उपलब्ध कराए जाने के प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। गहलोत ने आज ये स्वीकृति प्रदान की। वर्ष 2022-23 के बजट में घोषणा की थी कि वर्तमान वित्त वर्ष में प्रदेश के तीन हजार पशु चिकित्सा संस्थानों में पन्द्रह करोड़ रूपए की लागत से मरम्मत एवं उन्नयन के कार्य पशु चिकित्सा रिलीफ सोसायटी के माध्यम से कराये जाएंगे। प्रस्ताव के अनुसार अलवर जिले के भिवाड़ी, चूरू के तारानगर और बीकानेर के नोखा में नवसृजित अपर जिला न्यायाधीश न्यायालयों के लिए अपरलोक अभियोजक एवं राजकीय अभिभाषक (अधिवक्ता संवर्ग) के तीन पद, क्लर्क ग्रेड-2 के तीन पद एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के तीन पदों का सृजन किया जाएगा। साथ ही, उपरोक्त कार्यालयों के लिए नवीन टेबल, कुर्सी, अलमारी एवं अन्य सामग्री की खरीद की जाएगी।

### राज्य सभा चुनाव में दो उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी शिवसेना : संजय राउत

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना सांसद संजय राउत ने अपने उम्मीदवारों को राज्य सभा भेजे जाने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस बार राज्यसभा चुनाव के लिए शिवसेना दो उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी। दो उम्मीदवार ही राज्यसभा जाएंगे। वहीं, संजय राउत से जब संभाजी राजे को पार्टी द्वारा राज्य सभा के टिकट के लिए शामिल होने की पेशकश की खबरों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि मुझे इसकी जानकारी नहीं सीटों के लिए चुनाव की तैयारियां जोरो पर बता दें कि राज्यसभा की 57 सीटों के लिए चुनाव की तैयारियां जोरो पर हैं। माना जा रहा है कि अगले हफ्ते इसका नोटिफिकेशन आ जाएगा, इस महीने के अंत तक उम्मीदवारों के नामांकन की आखिरी तारीख होगी। ऐसे में सभी अहम दल राज्यसभा में अपने उम्मीदवारों को पहुंचाने की तैयारियों में जुट गए हैं। रिपोर्ट की मानें तो राज्यसभा में इस बार युवा और बुजुर्ग नेता राज्यसभा में अपनी एंट्री की जुगत में लगे हैं। हम हिंदुओं के लिए काला दिन है, लाउडस्पीकर विवाद पर संजय राउत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला सबके लिए समान है। अब इसका खामियाजा हमारे मंदिरों को भी भुगतना पड़ रहा है। यह हम हिंदुओं के लिए काला दिन है कि राज ठाकरे के साथ भाजपा की राजनीति के कारण लोग आरती नहीं सुन सकेंगे। लाउडस्पीकर पर क्या बोले संजय राउत शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा यह सिर्फ मस्जिदों में लाउडस्पीकर के बारे में नहीं है, महाराष्ट्र में, सुबह-सुबह आरती की जाती है और लोग अक्सर लाउडस्पीकर के माध्यम से उन्हें सुनते हैं क्योंकि वे सभी मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं कर सकते हैं, लेकिन आज ऐसा नहीं हो सकता, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

## संपादकीय

# महंगाई से राहत

दुनिया के बड़े हिस्से की तरह भारत में भी थोक और खुदरा महंगाई ऐतिहासिक स्तर पर है. पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय शुल्क में कटौती से ग्राहकों को कुछ राहत मिली है. यह स्थापित तथ्य है कि पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर हर चीज के दाम पर होता है. शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेट्रोल पर लगनेवाले शुल्क में आठ रुपये और डीजल पर छह रुपये प्रति लीटर कटौती की घोषणा की. इससे पेट्रोल 9.5 रुपये और डीजल सात रुपये सस्ता हो जायेगा. विभिन्न राज्यों में स्थानीय करों के कारण राहत में अंतर आ सकता है. कुछ राज्यों ने भी अपने टैक्स घटाने के संकेत दिये हैं. अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में आगामी दिनों में कमी के आसार नहीं हैं. रूस-यूक्रेन युद्ध, आपूर्ति श्रृंखला में अवरोध तथा तेल उत्पादक देशों के रवैये जैसे कारकों का असर आगे भी बना रहेगा. ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार का यह फैसला निश्चित ही सुकूनदेह है. उल्लेखनीय है कि महंगाई की वजह से पेट्रोल व डीजल की खरीद घटी है, जो अर्थव्यवस्था के लिए चिंताजनक है. शुल्क कटौती से मांग बढ़ने की उम्मीद भी है. निर्मला सीतारमण ने खाद अनुदान के रूप में 1.10 लाख करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन की भी घोषणा की है. चालू वित्त वर्ष के बजट में इस मद में 1.05 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे. खाद उद्योग पर भी घरेलू और वैश्विक अर्थव्यवस्था का दबाव है. ऐसे में किसानों पर भी बोझ बढ़ा है. अनुदान राशि बढ़ाने से उद्योग और किसान दोनों लाभान्वित होंगे. माना जा रहा है कि आगामी फसल वर्ष में जलवायु संबंधी कारणों से उपज की मात्रा में कमी आ सकती है. इसका सीधा असर किसानों की आय और खाद्य मुद्रास्फीति पर पड़ेगा. लेकिन अगर खाद सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगे, तो यह प्रभाव कुछ हद तक कम किया जा सकेगा. प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के नौ करोड़ से अधिक लाभार्थियों को रसोई गैस के सिलेंडर पर दो सौ रुपये के अनुदान देने से गरीब परिवारों को राहत मिलेगा. हालिया रिपोर्टों में बताया गया है कि महंगाई के कारण गरीब परिवार अपने जरूरी खर्चों में कटौती के लिए मजबूर हो रहे हैं. सस्ता सिलेंडर घरेलू बजट को संभालने में मददगार होगा. जिन उद्योगों की आयातित पदार्थों पर अधिक निर्भरता है, उन्हें भी सरकार से सहायता मुहैया कराने का प्रयास किया है. लोहा, इस्पात, कोयला, प्लास्टिक आदि से जुड़ी चीजों के आयात शुल्क में कमी करने से इन उद्योगों की लागत खर्च में कमी आयेगी और उनके तैयार माल की कीमतें कम होंगी. ये क्षेत्र उद्योग और कारोबारी जगत के आधार हैं तथा परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से हर व्यक्ति इनका ग्राहक है. इन उपायों से निश्चित ही मुद्रास्फीति को कम करने में सहायता मिलेगी. रिजर्व बैंक ने पहले ही कुछ मौद्रिक कदम उठाया है. यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इन घोषणाओं का लाभ लोगों तक ठीक से और जल्दी पहुंचे.

# दिल्ली में राहत और आफत की बारिश, अलग-अलग हादसों में 10 घायल, 80 पेड़ गिरे, 100 फ्लाइट में देरी, 19 डायवर्ट



दिल्ली एजेंसी । सोमवार को भारी बारिश और आंधी राहत और आफत दोनों लेकर आई। बारिश और आंधी से जहां लोगों को तेज गर्मी और लू से राहत मिली। वहीं, इसकी वजह से सुबह सड़क और यातायात भी प्रभावित हुआ। 60-90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं से अलग-अलग जगहों पर करीब 80 पेड़ गिर गए। करीब 100 फ्लाइट में देरी से चलीं, जबकि 19 फ्लाइट के रूट को डायवर्ट करना पड़ा।

इसके अलावा छत और दीवार गिरने की अलग-अलग घटनाओं में करीब दस लोग घायल हो गए। मौसमी बदलाव का असर तापमान पर भी पड़ा। 2004 के बाद पहली बार न्यूनतम तापमान सबसे कम रिकॉर्ड किया गया। 2004 का न्यूनतम तापमान 16.7 डिग्री सेल्सियस और सोमवार सुबह का न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे ही रहेगा।

मौसम विभाग का कहना है कि इस वक्त उत्तर पश्चिमी भारत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है। इसका असर दिल्ली-एनसीआर पर पड़ रहा है। इसी वजह से सोमवार सुबह औसत से भारी स्तर की बारिश रिकॉर्ड की गई है। साथ ही 60-90 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से धूल भरी आंधी भी चली। इससे न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट आई। आने वाले दिनों में भी न्यूनतम तापमान में ज्यादा इजाफा नहीं होगा। यह 20 डिग्री सेल्सियस के आस-पास बना रहेगा।

मौसम में आए इस तरह के बदलाव से बीते कुछ दिन से 42-44 डिग्री पारे का टॉर्चर झेल रही दिल्ली का मौसम सुहावना हो गया। इस सीजन में यह पहली मध्यम तीव्रता की आंधी थी। बारिश और आंधी के चलते सोमवार को दिल्ली के न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट देखी गई है। न्यूनतम तापमान सोमवार सुबह 5:40 बजे करीब 29 डिग्री सेल्सियस था। अगले डेढ़ घंटे में करीब 7 बजे लुढ़कर 17 डिग्री सेल्सियस के करीब जा पहुंचा। न्यूनतम तापमान सामान्य से 9 डिग्री गिरकर 17.2 पहुंच गया। आयानगर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान सामान्य से 8 डिग्री नीचे 31.5 डिग्री सेल्सियस रहा। रविवार को अधिकतम तापमान 39.3 और न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री दर्ज हुआ था।

# यूपी में धूल भरी आधी के बाद जबरदस्त बारिश ने ली 18 लोगों की जान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



**लखनऊ।** अवध क्षेत्र समेत प्रदेश के कई हिस्सों में सोमवार दोपहर आई आंधी व बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पेड़ व बिजली गिरने और दीवार ढहने से 18 लोगों की जान चली गई, जबकि काफी लोग घायल हो गए। दीवार व छज्जे गिरने से मवेशियों की भी जान गई है।

आंधी के चलते अवध के अधिकांश जिलों समेत मथुरा, झांसी, उन्नाव, औरैया, मेरठ और वाराणसी विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। ग्रामीण इलाकों में देर रात तक बिजली नहीं आई। हादसों में जान गंवाने वालों में सीतापुर की दो मासूम बच्चियों समेत चार लोग शामिल हैं। इसी तरह सुल्तानपुर के अशरफपुर गांव में किशोरी और अमेठी में दो लोगों की जान चली गई। शिवरतगंज के सेमरौता में इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी शिव प्रसाद चौरसिया की मौत हो गई।

बाराबंकी में रामसनेहीघाट क्षेत्र में दीवार ढहने से गुट्टू यादव (55) और गोंडा के इटियाथोक में जोहरा की जान चली गई। उन्नाव, औरैया, शाहजहांपुर, इटावा और अलीगढ़ में भी एक-एक व्यक्ति की मौत हो गई। जालौन में पेड़ गिरने से किसान व कन्नौज में छत से गिरकर महिला की मौत हो गई। चित्रकूट में ट्रैक्टर पर पेड़ गिरने से चालक की मौत हो गई। अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती में पेड़ व पोल गिरने से बिजली आपूर्ति बुरी तरह बाधित हुई है।

सुल्तानपुर जिले में सोमवार दोपहर बाद आई आंधी और बारिश ने जमकर तबाही मचाई। आंधी में कई जगह पेड़ और बिजली के तार टूटकर गिर गए। पेड़ से टूटी डाल की चपेट में आने से बल्दीराय क्षेत्र में एक 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई, जबकि जयसिंहपुर में तीन घायल हो गए। कई मार्गों पर आवागमन बाधित रहा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक बिजली गुल हो गई। बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली और जायद की फसलों को फायदा पहुंचा है। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटे में भी आंधी के साथ बारिश की संभावना जताई है।

सीतापुर जिले में आंधी-बारिश से मानपुर, मिश्रिख और हरगांव इलाके में तीन बच्चों समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मानपुर इलाके में एक बालक की मौत पेड़ के नीचे दबने से हो गई। मिश्रिख इलाके में दीवार ढहने से दो मासूम बच्चियों की मौत हो गई। हरगांव में दीवार ढहने से एक महिला की मौत हो गई। हादसे से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

मानपुर इलाके के गांव रमुवापुर मजरा कल्यानपुर निवासी प्रशांत मिश्रा (8) घर के बाहर खेल रहा था। सोमवार को दोपहर अचानक तेज आंधी आ गई। प्रशांत घर की तरफ भागा, तभी एक पेड़ टूटकर उसके ऊपर गिर गया, जिससे वह घायल हो गया। परिजन बालक को निजी वाहन से इलाज के लिए लखनऊ ले जा रहे थे, मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। हरगांव के वार्ड तरपतपुर निवासी फूलमती (66) घर पर टीन शेड के नीचे बैठी थी। अचानक टीन दीवार समेत उन पर गिर गई। परिजन महिला को लेकर सीएचसी हरगांव पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

बाराबंकी में दोपहर करीब एक बजे तेज आंधी के साथ शुरू हुई बरसात से मौसम सुहाना हो गया। बदली इतनी घनी थी कि अंधेरा छा गया। शहर से लेकर गांव तक कई जगहों पर पेड़ गिरने से यातायात भी बाधित हुआ। बिजली के तार टूटने से आपूर्ति ठप हो गई। अयोध्या में धूल भरी आंधी के बाद हल्की बारिश हुई। अमेठी के कुछ हिस्सों में तेज हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। बलरामपुर में तेज हवाओं के साथ आसमान में काले बादल छा गए है। रायबरेली जिले में करीब 1:30 बजे हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। आसमान में बादल और बूंदाबांदी से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। सुल्तानपुर में तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई।

# अदिति पोहनकर शी के दूसरे सीजन के लिए तैयार



इम्तियाज अली की सीरीज शी का दूसरा सीजन 17 जून से वापसी के लिए तैयार है। वेब सीरीज की हेडलाइनिंग करते हुए, अदिति पोहनकर सीजन 2 के बारे में जानकारी देती हैं और बताती हैं कि वह इस किरदार से कैसे जुड़ी हैं। हम शी को वापस लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह एक बहुत ही खास प्रोजेक्ट रहा है, जिसे हमने लगभग दो साल से अपने दिल के करीब रखा है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने शी सीजन 2 का फर्स्ट लुक जारी किया। नायक भूमिका (आदिति पोहनकर) के चरित्र में विरोधाभासों को दर्शाती है। अदिति कहती हैं- व्यक्तिगत रूप से, मैं उन पात्रों से बहुत अधिक संबंधित हूं जो अपनी कमजोरियों से निपट रहे हैं। इसे ऑन-स्क्रीन व्यक्त करने में सक्षम होना अद्भुत है। मुझे लगता है कि भेद्यता आपको अधिक भरोसेमंद बनाती है और दर्शकों को आपके चरित्र से अधिक गहराई से जोड़ती है। क्राइम थ्रिलर सीरीज में किशोर कुमार जी, विश्वास किनी, शिवानी रांगोले , सैम मोहन, सुहिता थात्ते भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इम्तियाज अली के लिखित और निर्मित, सीजन 2 के सात एपिसोड आरिफ अली ने निर्देशित और वायकॉम 18 स्टूडियोज के टिपिंग प्वाइंट और विंडो सीट फिल्म्स के तहत निर्मित हैं।

## बिंधु माधवी बनी बिग बॉस नॉन स्टॉप जीतने वाली पहली महिला

तेलुगु रियलिटी शो बिग बॉस के ओटीटी संस्करण को जीतने वाली पहली महिला बनी बिंधु माधवी। बिंधु माधवी ने इस सीजन का खिताब अपने नाम कर लिया है। शो में सात फाइनलिस्ट थे, साथ ही होस्ट सुपरस्टार नागार्जुन भी थे। फाइनल के पहले दौर में बाबा भास्कर और अनिल राठौड़ के बाहर होने के बाद शीर्ष पांच प्रतियोगी बचे थे।

मित्रव शर्मा पांचवें स्थान पर रही, जबकि एरियाना चौथे स्थान पर रही। एरियाना ने दस लाख रुपये का सूटकेस लिया क्योंकि वह जानती थी कि उसके खिताब जीतने की संभावना कम है।

दूसरी ओर, शिव तीसरे सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार थे, और नागार्जुन ने उन्हें एक और दिलचस्प प्रस्ताव दिया। नागार्जुन के अनुसार शिवा को बिग बॉस तेलुगु के आगामी सीजन में बिग बॉस तेलुगु 6 डब किया जा सकता है। बिंदू माधवी रियलिटी शो की ओटीटी सीरीज के पहले सीजन की विजेता हैं। अखिल सार्थक के साथ, जो बिग बॉस तेलुगु 4 में उपविजेता रहे। बिग बॉस नॉन-स्टॉप का ग्रैंड फिनाले डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर शाम 6 बजे से शुरू होगा।

## जूनियर एनटीआर की नई फिल्म के लिए अभिनेत्री की तलाश जारी

साउथ एक्टर जूनियर एनटीआर की बहुप्रतीक्षित आगामी फिल्म एनटीआर 30 से फर्स्ट-लुक पोस्टर जारी हो गया है। अब इस फिल्म की कहानी, कलाकार और दूसरी अन्य चीजों को लेकर चर्चाएं जारी हैं क्योंकि अभी कोई भी अंतिम पुष्टि नहीं हुई है। बहुत सारे नाम सुनने के बाद, अभिनेता के प्रशंसकों ने मान लिया कि निर्देशक कोराताला शिवा एनटीआर के जन्मदिन 20 मई को सब कुछ प्रकट करेंगे। हालांकि, ऐसा कुछ भी सामने नहीं आया है, जिससे प्रशंसकों को निराशा हुई है।

फिल्म में एक्ट्रेस के नाम को लेकर आलिया भट्ट का भी नाम सामने आया है परंतु इस बात को लेकर आलिया के तरफ से कोई जानकारी सामने नहीं आई। गौरतलब है इससे पहले आरआरआर में आलिया और एनटीआर साथ में काम कर चुके हैं।

निमार्ता अनिश्चित हैं कि क्या गंगूबाई काठियावाड़ी की अभिनेत्री आलिया अभी भी जूनियर एनटीआर के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए उपलब्ध है, क्योंकि एक्ट्रेस ने रणबीर कपूर से शादी के बाद एक संक्षिप्त ब्रेक लिया है।

एक वक्त पर फिल्म की एक्ट्रेस को लेकर साईं पल्लवी के नाम की भी अफवाहें थी। लेकिन प्रोडक्शन कंपनी के किसी ने भी इसकी पुष्टि नहीं की, जिससे जूनियर एनटीआर के प्रशंसक चिंतित हो गए कि एनटीआर 30 में महिला प्रधान की भूमिका कौन निभाएगा।



## हिना खान ने बॉडीकॉन ड्रेस में फ्लॉन्ट किया फिगर, चौथे लुक ने आते ही मचा दिया कहर

बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों कांस फिल्म फेस्टिवल 2022 में खूब धूम मचा रही हैं। हिना खान आए दिन कांस से जुड़े अपने एक से एक लुक्स शेयर कर रही हैं, जिसने फैंस को भी उनका दीवाना बना दिया है। हाल ही में हिना खान ने कांस फिल्म फेस्टिवल 2022 से जुड़ा चौथा लुक शेयर किया है, जिसमें हिना खान के स्टाइल से लेकर उनके अंदाज तक ने कहर ढा दिया है। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रही हैं।

हिना खान ने चौथे लुक के लिए येलो रंग का बॉडीकॉन गाउन पहना, जिसमें एक्ट्रेस का स्टाइल वाकई में कमाल का लगा।

हिना खान का बॉडीकॉन ड्रैस में ऐसा ग्लैमरस स्टाइल देखने को मिला कि उनके आगे बाकी सबकुछ फीका-फीका नजर आया।

हिना खान की इन फोटोज ने सोशल मीडिया पर भी बवाल मचाकर रख दिया है। उनकी इन फोटोज को लेकर फैंस भी एक्साइटेड नजर आए।

हिना खान की इन तस्वीरों पर प्यार लुटाने में फैंस ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। एक फैन ने हिना की तारीफ करते हुए लिखा, रहिना आप आग होर तो वहीं दूसरे फैन ने उनके लुक्स को किलर बताया।

हिना खान अपनी फोटोज में एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आईं। कभी दीवारों के सहारे तो कभी रेलिंग के पास खड़े होकर हिना खान ने पोज दिये।

# भूल भुलैया 2 ने तोड़ा गंगूबाई काठियावाड़ी, बच्चन पांडे का रिकॉर्ड

फिल्म निर्माता अनीस बज्मी की हालिया रिलीज भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 14.11 करोड़ रुपये की कमाई की है और यह अभिनेता कार्तिक आर्यन की सबसे बड़ी ओपनिंग है। यह फिल्म बज्मी के बीच का पहला कोलैबोरेशन है, जो कार्तिक, तब्बू और कियारा आडवाणी के साथ वेलकम, नो एंट्री और रेडी जैसी हिट कॉमेडी फिल्में देने के लिए जाने जाते हैं।

ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने ट्विटर पर साझा किया कि फिल्म कार्तिक के जीवन में एक मील का पत्थर है।

भूल भुलैया 2 ने अक्षय कुमार और आलिया भट्ट-स्टारर गंगूबाई काठियावाड़ी, बच्चन पांडे जैसी फिल्मों के पहले दिन के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया है।

फिल्म रूहान की कहानी का अनुसरण करती है, जो एक धोखेबाज मानसिक है जिसे ठाकुर महल में मंजुलिका की स्पष्ट वापसी से निपटने के लिए लाया जाता है, लेकिन वह अनजाने में समस्याओं को बढ़ा देता है।

टी-सीरीज और सिने 1 स्टूडियोज के बैनर तले भूषण कुमार, मुराद खेतानी, अंजुम खेतानी और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित भूल भुलैया 2।



दैनिक न्यूज़ वायरस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादक: मौ. सलीम सैफी

कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी

दूरभाष : 0135-2672002

email-dainiknewsvirus@gmail.com

RNI No.- UTTHIN/2012/44094

वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा